ऋण वसूली पर जोर देकर बैंक को मजबूत बनाएं

अपेक्स बैंक के प्रशासक श्री यादव ने सागर में बैंक से संबंधित विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. अपैक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने सागर संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की विभागीय समीक्षा बैठक जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित की. बैठक में उन्होंने प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में सदस्यता वृद्धि अभियान तथा खरीफ 2026 के लिए किसानों को ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि किसानों से 500 रुपये अंश पूंजी एवं 100 रुपये सदस्यता शुल्क प्राप्त कर उन्हें सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनाया जाए, जिससे वे शून्य प्रतिशत ब्याज सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें. उन्होंने समिति प्रबंधकों को सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जिला बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. बैठक में श्री यादव ने ऋण वसूली पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ऋण वसूली के लिए निरंतर प्रयास करें, जिससे सहकारी बैंक वित्तीय रूप से मजबूत बनें और सहकारी आंदोलन निरंतर प्रगति करता रहे. श्री यादव ने निर्देश दिए कि आगामी खरीफ सीजन 2026 में किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए. साथ ही बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों एवं अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी प्रकार की व्यावहारिक समस्या शासन स्तर पर हो तो उन्हें अवगत कराया जाए, ताकि उसका शीघ्र निराकरण कराया जा सके. बैठक का संचालन आईटी मैनेजर श्री आशीष राजोरिया एवं सहायक प्रबंधक श्री अनुराग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभागीय शाखा प्रबंधक अपैक्स बैंक सागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नीरज दुरेजा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. बैठक में अपैक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का बुंदेली परंपरा के अनुसार साफा बांधकर स्वागत किया गया. बैठक में अपैक्स बैंक के ओएसडी अभय प्रधान, संभागीय शाखा प्रबंधक श्री वर्मन, सुशील शुक्ला, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सागर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा,एस.के. कनोजिया पन्ना, अभिषेक मोहन व्यास दमोह, शिवम शाह छतरपुर, अनुपम पांडेय टीकमगढ़, रितु मीना, प्रबंधक लेखा, राजेश जैन, विपणन प्रभारी तथा अरविंद पांडेय आदि मौजूद थे.

पीएम ई बस सेवा का संचालन शुरु कराया जाए

स्मार्ट सिटी के माध्यम से बस स्टैंड की व्यवस्थाएं 30 जून तक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी मे पीएम ई-बस सेवा योजना के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं.

कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने ई-बसों के संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन और पावर कनेक्शन से जुड़े सभी लंबित कार्यों को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाएं. कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि चूंकि शहर पीएम बस सेवा के अंतर्गत चुना गया है और शहर में बसें पहले से ही उपलब्ध हैं, इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण जनता को इस आधुनिक परिवहन सेवा से और अधिक वंचित नहीं रखा जा सकता. बैठक में न्यू आरटीओ ऑफिस के पास तिलीमाफी में बन रहे ई-बस डिपो के विद्युतीकरण की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी और ट्रांसमिशन विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए. डिपो परिसर में निर्माणाधीन 1.5 एमवीए, 33 केवी सब-स्टेशन और सुआताला फीडर से 1500 केवीए ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए बिजली लाइन खींचने के काम को 30 जून तक पूरा करने की समय-सीमा तय की गई है. सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड और सिविल विंग को डिपो के भीतर चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा. वर्तमान स्थिति की समीक्षा में पाया गया कि, डिपो के संचालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कंट्रोल रूम का काम मौके पर तेजी से चालू है. बसों की तकनीकी जांच और मरम्मत के लिए बनने वाले मेंटेनेंस पिट और प्रशासनिक भवन के सिविल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है.कलेक्टर ने सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के और इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वीकृत बजट का सही और त्वरित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.कलेक्टर ने निर्देश दिए कि योजना के तहत प्रस्तावित शहरी और उप-शहरी रूट्स पर बसों का ट्रायल और संचालन इस तरह से प्लान किया जाए कि बिजली का काम पूरा होते ही बसें सड़कों पर दौड़ने लगें.

विवि को मिली विधि की मान्यता

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर को विधि पाठ्यक्रम आरंभ करने हेतु बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता मिलने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ.

कुलगुरु प्रो. विनोद मिश्रा ने कहा कि सत्र 2026-27 में विधि संकाय के अंतर्गत तीन वर्षीय एल.एल.बी. एवं पाँच वर्षीय बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रम 12 मई से आरंभ किये जा रहे हैं जिसमें विद्यार्थी वर्तमान सत्र में ही प्रवेश ले सकेंगे. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई विधि विभाग शुरू करने की घोषणा के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी हित में व्यापक स्तर पर तैयारियाँ करते हुए विधि-पाठ्यक्रम आरंभ किए जाने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया में आवेदन किया गया था जिसका बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तीन सदस्यीय समिति द्वारा 11 मई को ऑनलाइन निरीक्षण किया गया.

प्रेषित पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय को विधि पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति प्रदान की है.

जिले में जनकल्याण शिविर आज से

सागर. आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार सागर जिले में 12 जून से 18 जून तक 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा. जनकल्याण शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित तथा आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा.

जिले में जनकल्याण शिविरों के आयोजन के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तिथियां निर्धारित की हैं.

सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, अंकुर कॉलोनी में आचार्य श्री उदारसागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में 5 जून से चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का पूर्ण आहुति हवन करके समापन हुआ.

विधान का सौभाग्य मुकेश जैन सहायक शिक्षक ने सेवानिवृत्ति पर पूरे परिवार सहित प्राप्त किया. आचार्य श्री उधर सागर महाराज ने कहा कि हमारे तीर्थंकरों की वाणी आचार्य की वाणी आगम से यह बात निकलती है कि मनुष्य के करने योग्य कार्य क्या है। अपने संसार भ्रमण को छेदने, अर्थात मोक्ष मार्ग के रास्ते पर चलने का प्रयत्न करना चाहिए इसके लिए संयम का मार्ग अपनाना चाहिए. साधु बनकर ही मोक्ष मार्ग को प्राप्त किया जा सकता है. आचार्य श्री ने श्री सिद्ध चक्र की महिमा बताते हुए कहा कि सिद्धचक्र विधान करने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं और जीवन के चक्रों से मुक्ति मिलती है. विधानाचार्य पंडित उदयचंद शास्त्री, पंडित विजय शास्त्री के निर्देशन में एवं संगीतकार दीक्षा जैन के संगीत से संपन्न किया गया.

कांग्रेस सेवादल का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

बीना 11 जून. खिमलासा रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के चलते बने घटिया वैकल्पिक मार्ग और रेलवे अंडरब्रिज पर गंदगी-जलभराव की समस्या को लेकर कांग्रेस सेवादल ने मोर्चा खोल दिया.

सेवादल अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु एवं शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और तत्काल सुधार की मांग की. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बीना शहर और ग्रामीण क्षेत्र की जनता खिमलासा रोड पर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण में देरी के कारण परेशान है. शासन द्वारा अंडरब्रिज मार्ग को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में परिवर्तित किया गया था, लेकिन पिछले काफी समय से चल रहे रोड निर्माण और सर्विस रोड के काम के बावजूद अंडरब्रिज मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे और अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं, पहली ही बारिश में यह मार्ग कीचड़ से भर गया, इससे लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वाहन जाम में फंस रहे हैं 60 प्रतिशत जनता ने बीना शहर से दूरियां बना ली हैं.

टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया को गति देने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई.

बैठक में मुख्य रूप से पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं, नियमों के उदारीकरण और विस्थापन प्रक्रिया पर ठोस चर्चा हुई. बैठक में इस बात पर बल दिया कि वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पर्यटन की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं. क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को आकर्षित करने के लिए कार्य योजना बनाने पर जोर दिया गया ताकि उसे अधिक व्यावहारिक बनाते हुए क्रियान्वित किया जा सके। पर्यटन के दृष्टिकोण से रिजर्व क्षेत्र के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए होटलों की स्थापना की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए गए। रिजर्व क्षेत्र के भीतर आने वाले गांवों का विस्थापन था. कलेक्टर ने विस्थापन कार्य को चरणबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए. अधिकारियों से पूछा गया कि शेष विस्थापन का कार्य कितने दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा?

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी एवं नरयावली विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर की उपस्थिति में कार्यालय नरयावली के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन जी का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है, यह निर्णय पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है तथा लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है.

कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी

छह भाजपा मंडलों की संयुक्त बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

खुरई 11 जून. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी जब भी जो जिम्मेदारी देती है उसे परिश्रम और समर्पण से पूरा किया जाना ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता की पहचान है. एक कार्यकर्ता के रूप में सफलता का एकमात्र सूत्र यही है कि पार्टी से जो काम मिले वह काम छोटा है या बड़ा यह विचार किए बिना पूरी लगन और समर्पण से सफलतापूर्वक वह काम करना चाहिए.

यह मार्गदर्शन पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे होने पर 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत खुरई विधानसभा क्षेत्र में 5 जून से 21 जून तक हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया है. श्री सिंह ने हाल ही में निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों रजनीश अग्रवाल व महेश केवट का उदाहरण देते हुए कहा कि हम सभी ने इन दोनों नेताओं को साधारण कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक बिना किसी महत्वाकांक्षा के अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए देखा है.

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह ने बैठक में बताया कि 12 जून को खुरई के महाकाली टीन शेड में तथा मालथौन के बस स्टैंड परिसर में अनुविभाग स्तरीय जनकल्याण शिविर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत से संबंधित सभी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण होगा. उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी मंडल पदाधिकारी अपने मंडलों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें. बैठक में खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी छह भाजपा मंडलों खुरई नगर, खुरई ग्रामीण, धनौरा, बांदरी,बरोदिया कलां एवं मालथौन मंडलों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

बैठक स्थल सभाकक्ष में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह से भेंट करने पहुंचे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र यादव का श्री सिंह के नेतृत्व में खुरई व सागर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया.

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम

प्रभावशील, सख्ती से कार्रवाई करें

नवभारत न्यूज

सागर 11 जून. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम प्रभावशील हो गये हैं.

उक्त नियमों के प्रावधानों, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के उद्देश्यों, गार्बेज फ्री सिटी प्रोटोकॉल एवं नगर निगम क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं सतत् ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित किए जाने हेतु निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी. स्त्रोत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण डोर टू डोर संग्रहण व्यवस्था, वर्ल्ड वेस्ट जनरेटर अनुपालन, गीले अपशिष्ट का प्रसंस्करण, सुखे अपशिष्ट का प्रबंधन, घरेलू हानिकारक सेनेटरी एवं दंडात्मक कार्यवाही, उत्तरदायित्व निर्धारण, समीक्षा व्यवस्था, लक्ष्य के अंतर्गत सभी घटकों के अंतर्गत विभिन्न कार्यो का दायित्व स्वच्छता अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, प्रभारी एम एस डब्ल्यू, उद्यान प्रभारी, प्रभारी एनयूएल एम, कार्यपालन यंत्री, इंडीपेंडेंट इंजीनियर एवं समस्त उप स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सौंपा गया है. निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यो का कड़ाई से पालन किया जाए.

पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन

नवभारत न्यूज

ललितपुर 11 जून. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वरदानी भवन में आयोजित पांच दिवसीय डिवाइन समर कैम्प का समापन समारोह संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में बच्चों ने पांच दिनों के दौरान प्राप्त नैतिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक शिक्षाओं का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. प्रतिभागियों ने व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण और सेवा भावना से संबंधित प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शिक्षा और संस्कारों की भी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में आत्म-जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ है. इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए वरदानी भवन में प्रत्येक माह एक रविवार को बच्चों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को लॉकेट स्मृति चिन्ह, स्लोगन कार्ड एवं ईश्वरीय सौगातें प्रदान कर सम्मानित किया गया. अभिभावकों ने कहा कि इस शिविर ने बच्चों के व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है.

ईश्वरीय स्मृति, राजयोग मेडिटेशन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विश्व कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ पांच दिवसीय डिवाइन समर कैम्प का सफलतापूर्वक समापन हुआ

लोगों के सुख दुख में शामिल हुए सांसद

छिंदवाड़ा। आमजन से आत्मिक संबंधों को निभाना और उनके सुख दुख को अपना समझना सांसद बंटी विवेक साहू की पहचान है। इसी पहचान को कायम रखते हुए सांसद श्री साहू गूरूवार को गांगीवाड़ा में पहुंचे और उन्होंने पिछले दिनों दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने अन्य लोगों से मुलाकात करते हुए उनके परिवार में पिछले दिनों हुए विवाहित कार्यक्रम की शुभकामनाएं व बधाई दी।

शिविरों में मौके पर होगा आवेदनों और शिकायतों का निराकरण

बैतूल। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार बैतूल शहर के सभी 33 वार्डों के नागरिकों के लिए 12 जून से 18 जून 2026 तक विशेष जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों और शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर अद्यतन करना है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 जून को वार्ड क्रमांक 1 से 11 तक के नागरिकों के लिए सुभाष स्कूल ग्राउंड, कोठी बाजार में शिविर लगाया जाएगा। 15 जून को वार्ड 12 से 23 के लिए अंबेडकर भवन, कारगिल चौक तथा 18 जून को वार्ड 24 से 33 के लिए जे.एच. कॉलेज परिसर में शिविर आयोजित होगा। सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। पूरे अभियान के लिए राजस्व निरीक्षक बृजगोपाल परते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कच्ची सड़क जनपद अध्यक्ष के वार्ड में आजादी के वार्ड से पक्की सड़क के इंतजार में ग्रामवासी, एंबूलेंस भी नहीं पहुंच सकती

फोरलेन से जुड़े हलद्वानी ग्रामवासी आज भी कच्ची सड़क पर चलने मजबूर

नवभारत न्यूज
(रामगोपाल गोस्वामी)

बंडा 11 जून. सागर जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कवायला अंतर्गत पटारी फोरलेन ब्रिज से डेढ़ किलोमीटर दूर बसे 450 की आबादी वाले ग्राम हल्द्वानी में आजादी से लेकर आज तक पक्की सड़क मुहैया नहीं हो पाई है.

मजबूरन आज भी लोग उबड़-खाबड़ रास्ते से निकलने को मजबूर है. इसी रास्ते को दोनों ओर किसानों द्वारा कब्जा कर और भी संकीर्ण बना दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि अनेकों बार प्रशासन से आवेदन निवेदन किया गया परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है. रहवासी दिनेश कमार रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने के लिए अनेकों बार आवेदन कर चुके है, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल जाता है. दुर्ग सिंह लोधी, संतोष यादव का कहना है कि बरसात के समय रास्ते में पानी भर जाने से बच्चे स्कूल भी नहीं पहुंच पाते है, यही कारण है कि इस वर्ष गांव का रिजल्ट सबसे खराब आया है. ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय में सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ती है, क्योंकि कच्चा मार्ग होने से एंबुलेंस और जननी गांव तक नहीं पहुंच पाती. मजबूरन गर्भवती महिलाओं को खटिया पर रखकर डेढ़ किलोमीटर दूर तक लाना पड़ता है. सोहन यादव ने बताया कि कई बार तो रास्ते में ही प्रसव होने का खतरा बना रहता है. सरपंच प्रतिनिधि रामकृष्ण सिंह ठाकुर का कहना है कि ग्रामीण 3 वर्ष से लगातार सड़क निर्माण की मांग कर रहे है. प्रशासन तक अनेकों बार मांग भी पहुंचाई गई परंतु अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है. यह मार्ग पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जोड़ दिया गया था परंतु 2022 में फोर लाइन कार्य के दौरान सामान का स्टॉक बनाने के लिए इस पर रोक लगा दी गई थी. ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही यहां आते हैं और जीतने के बाद भूल जाते है.

विजय पटेल का कहना है कि वर्तमान जनपद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भी इसी क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे परंतु उन्होंने भी आज तक हमारे गांव की कोई सुध नहीं ली. ग्राम वासियों ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में भी शिकायत की है.

उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि शीघ्र होना सड़क निर्माण नहीं किया गया तो आंदोलन करना पड़ेगा.

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

बैतूल। केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मामले एवं सांसद बैतूल दुर्गादास उईके की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री राहत एवं राहवीर योजना के क्रियान्वयन, मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्रवाई तथा सड़क दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स के रेक्टीफिकेशन कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रधानमंत्री राहत एवं राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी एवं नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नवीन दुर्घटना संभावित स्थलों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय से चिन्हांकन करने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे निर्धारित 40 मीटर एवं 75 मीटर क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने तथा अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नवीन स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग हीवरखेड़ी से देसली मार्ग के निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।